सं. 11011/12/2024-रा.भा.(अनु.)
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एन.डी.सी.सी. ॥ भवन, चौथा तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 26 फरवरी, 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय : सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों की खरीद।

कृपया उपर्युक्त विषय पर राजभाषा विभाग द्वारा पूर्व में जारी दिनांक 30 सितम्बर, 2025 के कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें जिसके माध्यम से राजभाषा विभाग द्वारा परिकल्पित, तैयार एवं संकलित तथा भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन प्रकाशन विभाग द्वारा पुनर्प्रकाशित पुस्तकों की सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों के लिए खरीदे जाने की अनुशंसा की गई थी।

इसी क्रम में अवगत कराना है कि राजभाषा विभाग द्वारा पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रकाशित एवं माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी द्वारा लोकार्पित पुस्तक **'भारतीय भाषाएँ और राजभाषा हिंदी : अनुवाद के आयाम'** का पुनर्प्रकाशन भी प्रकाशन विभाग द्वारा कर दिया गया है। अब यह पुस्तक सभी के लिए उपलब्ध है।

उक्त पुस्तक में भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं से हिंदी तथा हिंदी से उन भाषाओं में किए गए अनुवाद के सजीव, व्यावहारिक और अनुभवपरक आलेख संकलित हैं। इसमें भारतीय भाषाओं की समानताओं और भिन्नताओं को सरल ढंग से समझाया गया है। साथ ही अनुवाद करते समय आने वाली सांस्कृतिक, भाव और भाषा संरचना से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके व्यावहारिक समाधान भी बताए गए हैं।

पुस्तक में सम्मिलित सभी अनुवादक अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं पुरस्कृत विद्वान हैं। अतः उनके अनुभव केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति न होकर व्यापक भाषाई विमर्श की प्रामाणिक धरोहर के रूप में महत्त्व रखते हैं। ये आलेख अनुवाद को सिर्फ शब्दांतरण न मानकर भाव, संदर्भ और संस्कृति के सशक्त सेतु के रूप में स्थापित करते हैं। इस दृष्टि से यह पुस्तक राजकीय कार्य में हिंदी के संवर्धन, भारतीय भाषाओं

के पारस्परिक संवाद तथा प्रशासनिक एवं अकादमिक क्षेत्रों में अनुवाद की गुणवत्ता सुदृढ़ करने हेतु अत्यंत उपयोगी संदर्भ ग्रंथ है।

आप अपने मंत्रालय/विभाग/संस्थान के पुस्तकालय हेतु निम्न विवरण के अनुसार प्रकाशन विभाग से संपर्क करके मंगा सकते हैं।

क्र.सं.	पुस्तक का नाम	अंकित मूल्य	प्रकाशक	खरीद हेतु संपर्क सूत्र
1	भारतीय भाषाएँ और राजभाषा हिंदी : अनुवाद के आयाम	₹460/-	प्रकाशन विभाग, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली	सुश्री इस्मीत कौर, व्यवसाय प्रबंधक/प्रभारी|दूरभाष: 011-24367260 Email: businesswng@gmail.com

सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को अपने अधीनस्थ/संलग्न कार्यालयों, केंद्रीय सरकार के उपक्रमों एवं संबंधित संस्थाओं तक प्रसारित करने की व्यवस्था करें तथा की गई कार्रवाई से इस विभाग को अवगत कराएं।

(डॉ. निधि पाण्डेय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

प्रति:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के संयुक्त सचिव (प्रशासन)/राजभाषा प्रभारी- वेबसाइट के माध्यम से।
2. निदेशक, एन आई सी को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कराएं।